भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.12.2025 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2846 का उत्तर

नई दिल्ली से अमृतसर के बीच रात्रिकालीन रेलगाड़ियों की कमी

2846. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नई दिल्ली से अमृतसर सीमा क्षेत्र, एक प्रमुख राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मार्ग और देश का धार्मिक/ऐतिहासिक-सांस्कृतिक केंद्र, तक रात्रिकालीन रेलगाड़ियों की भारी कमी है, जिससे प्रतिदिन हजारों यात्रियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार का नई दिल्ली-अमृतसर के बीच रात्रिकालीन रेल सेवा आरम्भ करने का इरादा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त रेलगाड़ियों के आरम्भ होने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): वर्तमान में 23 जोड़ी गाड़ियाँ दिल्ली-अमृतसर रेलखंड की आवश्यकताओं को सेवित कर रही हैं जो निम्नानुसार है:

क्र. सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	15707/08 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस
2	11057/58 छत्रपति शिवाजी महाराज (टर्मिनल)-अमृतसर एक्सप्रेस
3	12483/84 तिरुवनंतपुरम उत्तर-अमृतसर एक्सप्रेस
4	12497/98 नई दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस
5	12029/30 नई दिल्ली-अमृतसर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस

6	12031/32 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस
7	04651/52 जयनगर-अमृतसर स्पेशल एक्सप्रेस
8	22429/30 दिल्ली-पठानकोट एक्सप्रेस
9	12379/80 सियालदह-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस
10	12421/22 हजूर साहिब नान्देड़-अमृतसर एक्सप्रेस
11	12925/26 बांद्रा (टर्मिनल)-अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस
12	19325/26 इन्दौर-अमृतसर एक्सप्रेस
13	22125/26 नागपुर-अमृतसर एक्सप्रेस
14	12715/16 हजूर साहिब नान्देड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस
15	14679/80 दिल्ली-अमृतसर एक्सप्रेस
16	12903/04 बांद्रा (टर्मिनल)-अमृतसर गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस
17	12203/04 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस
18	20807/08 विशाखपट्टणम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस
19	22487/88 दिल्ली-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस
20	12013/14 नई दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस
21	18237/38 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस
22	18101/02 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस
23	18309/10 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस

इनमें दिल्ली से रात्रि के समय प्रस्थान करने वाली निम्नलिखित 3 गाड़ियाँ शामिल हैं

1. 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस (निज़ामुद्दीन प्रस्थान: 20:05 बजे)
2. 18101 टाटानगर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (दिल्ली प्रस्थान: 21:25 बजे)
3. 18309 संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस (दिल्ली प्रस्थान: 21:25 बजे)

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई गाड़ियां शुरू करना एक सतत प्रक्रिया है, जो निम्नलिखित कारकों पर निर्भर करता है:

- उक्त खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक हेतु उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ एवं अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण संबंधी आवश्यकताएँ

******